**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 718**

**उत्तर देने की तारीख : 04.12.2025**

**आत्मनिर्भर भारत निधि के कार्यान्वयन की स्थिति**

**718. डॉ. बायरेड्डी शबरीः**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) निधि के अंतर्गत विशेषकर नंदयाल सहित आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार कुल कितने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) ने आवेदन किया है, उन्हें मंजूरी दी गई है, अस्वीकृत किया गया है और जो लंबित हैं, का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) एसआरआई कोष के अंतर्गत स्वीकृत, जारी और वास्तव में लगाई गई कुल साम्या सहायता कितनी है तथा अनुमोदन और संवितरण के बीच औसत प्रसंस्करण समय कितना है तथा आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार सहित वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार कितनी सहायक निधि को शामिल किया गया, उनमें से प्रतिबद्ध बनाम आहरित पूंजी तथा एमएसएमई में किए गए निवेश की मात्रा कितनी है;

(घ) एसआरआई वित्तपोषित एमएसएमई के वितरण और सृजित रोजगार तथा राजस्व वृद्धि सहित मापनीय परिणामों का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) एसआरआई कोष के तहत राज्य-वार, विशेषकर आंध्र प्रदेश में आयोजित जागरूकता या आउटरीच कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) : भारत सरकार से 10,000 करोड़ रुपए और निजी इक्विटी/वेंचर कैपिटल फंड के माध्यम से 40,000 करोड़ रुपए के साथ विकास की क्षमता और व्यवहार्यता वाले एमएसएमई में 50,000 करोड़ रुपए की इक्विटी डालने के लिए आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) कोष की स्थापना की गई है। वर्ष 2021 में स्थापना के बाद से लेकर दिनांक 31.10.2025 तक 671 एमएसएमई को 14,927 करोड़ रुपए के इक्विटी निवेश के साथ सहायता प्रदान की गई है। दिनांक 31.10.2025 की यथास्थिति के अनुसार, आंध्र प्रदेश (विशाखापट्टनम) में 3 एमएसएमई की सहायता की गई है। आत्मनिर्भर भारत कोष के तहत, लाभान्वित एमएसएमई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार विवरण **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ख) : आत्मनिर्भर भारत कोष के तहत संस्वीकृत, जारी और उपयोग में लाई गई निधि का वर्ष-वार विवरण नीचे दिया गया है:

राशि (करोड़ रुपए में)

| निधि | वित्त वर्ष 2021-22 | वित्त वर्ष 2022-23 | वित्त वर्ष 2023-24 | वित्त वर्ष 2024-25 |
|---|---|---|---|---|
| आवंटित/संस्वीकृत निधि(सं.अ.) | 350.00 | 392.79 | 579.45 | 575.00 |
| जारी की गई निधि | 180.35 | 392.79 | 579.45 | 575.00 |
| उपयोग की गई निधि | 180.35 | 392.79 | 553.78 | 575.00 |

आत्मनिर्भर भारत कोष केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है, जिसके तहत राज्य सरकार को निधि जारी नहीं की जाती है। एमएसएमई को निधि के अनुमोदन और इसके संवितरण के बीच औसत प्रक्रियाधीन समय प्रस्ताव की तारीख से समावेशन की तारीख तक लगभग छह से नौ महीने का है।

(ग) : एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड (एनवीसीएफएल) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, दिनांक 31.10.2025 तक, कुल 69 अनुषंगी निधियों को आत्मनिर्भर भारत कोष के तहत एनवीसीएफएल (मुख्य निधि) के साथ सूचीबद्ध किया गया है। सभी निवेशकों से एमएसएमई में प्रतिबद्ध, आहरित और निवेश की गई निधियों का अनुषंगी निधि-वार विवरण **अनुबंध II** में संलग्न है।

(घ) : एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड (एनवीसीएफएल) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2021 में स्थापना से लेकर दिनांक 31.10.2025 तक योजना के तहत सृजित कुल अनुमानित रोजगार 1,51,264 है। आत्मनिर्भर भारत कोष के तहत देश में लाभान्वित एमएसएमई का क्षेत्र-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| **स्थापना के बाद से 31.10.2025 तक आत्मनिर्भर भारत कोष के तहत लाभान्वित एमएसएमई का क्षेत्र-वार विवरण** | | |
|---|---|---|
| **क्षेत्र** | **एमएसएमई की संख्या** | **निधि स्तर पर कुल निवेश (करोड़ रुपए में)** |
| विनिर्माण | 207 | 6,053 |
| सेवाएं | 410 | 7,813 |
| व्यापार | 54 | 1,061 |
| **कुल** | **671** | **14,927** |

(ङ) : एमएसएमई मंत्रालय ने देश भर में आत्मनिर्भर भारत कोष सहित अपनी योजनाओं के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए हितधारकों के लिए नियमित आधार पर कार्यशालाओं/परिचर्चा सत्रों का आयोजन किया।

*****

अनुबंध-I

"आत्मनिर्भर भारत निधि के कार्यान्वयन की स्थिति" पर लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 718, जिसका उत्तर दिनांक 04.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

| आत्मनिर्भर भारत कोष के अंतर्गत लाभान्वित एमएसएमई का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वित्त वर्ष 2021-22 | वित्त वर्ष 2022-23 | वित्त वर्ष 2023-24 | वित्त वर्ष 2024-25 | वित्त वर्ष - 2025-26 (दिनांक 31.10.2025 तक) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | असम | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | बिहार | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | चंडीगढ़ | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | दिल्ली | 4 | 42 | 11 | 12 | 18 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | गोवा | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | गुजरात | 2 | 15 | 1 | 5 | 4 |
| 10 | हरियाणा | 4 | 21 | 11 | 13 | 14 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 1 | 0 | 1 | -1 | 0 |
| 12 | झारखंड | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | केरल | 0 | 1 | 4 | 2 | 3 |
| 14 | कर्नाटक | 15 | 62 | 32 | 42 | 28 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 0 | 7 | 1 | -1 | 0 |
| 16 | महाराष्ट्र | 26 | 62 | 25 | 31 | 15 |
| 17 | ओडिशा | 3 | 3 | 0 | 3 | 0 |
| 18 | पुडुचेरी | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 19 | पंजाब | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | राजस्थान | 0 | 4 | 2 | 1 | 1 |
| 21 | तमिलनाडु | 6 | 10 | 8 | 3 | 0 |
| 22 | त्रिपुरा | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | तेलंगाना | 2 | 9 | 7 | 21 | 6 |
| 24 | उत्तराखंड | 0 | 2 | 0 | 3 | -1 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | 5 | 0 | 2 | 8 | 6 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 0 | 1 | 2 | 2 | 0 |
| | **कुल** | **75** | **250** | **107** | **145** | **94** |

स्रोत: एनएसआईसी वेंचर्स कैपिटल फंड लिमिटेड

अनुबंध-II

"आत्मनिर्भर भारत निधि के कार्यान्वयन की स्थिति पर" लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 718, जिसका उत्तर दिनांक 04.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

| क्र. सं. | अनुषंगी निधि का नाम | प्रबंधन के तहत प्रतिबद्धता (करोड़ रु. में) | अनुषंगी निधि वार आहरण (करोड़ रु. में) | सभी निवेशकों से एमएसएमई में अनुषंगी निधि वार निवेश (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 9यूनिकॉर्न्स एक्सेलरेटर फंड -1 | 25 | 23 | 422 |
| 2 | आविष्कार इण्डिया फंड VI (एआईएफ VI) | 170 | 61 | 303 |
| 3 | अचीविंग वीमैन एंटरप्रेन्योर अर्ली | 65 | - | - |
| 4 | अगस्त्य कैपिटल इंडिया ग्रोथ फंड | 200 | - | - |
| 5 | अल्केमी वेंचर फंड II - योजना I | 70 | 21 | 127 |
| 6 | एमिकस कैपिटल पार्टनर्स इंडिया फंड II | 200 | 42 | 125 |
| 7 | अंकुर कैपिटल फंड III | 70 | 8 | 46 |
| 8 | एंटलर इनोवेशन इंडिया फंड 1 | 50 | 17 | 133 |
| 9 | अरली वेंचर्स II | 35 | 11 | 73 |
| 10 | एसेंट ग्रोथ ट्रस्ट | 125 | 4 | 60 |
| 11 | आशा वेंचर्स फंड I | 65 | 5 | 10 |
| 12 | ऑटोमिक कैपिटल इंवेशटमेंट ट्रस्ट | 30 | 4 | 39 |
| 13 | अवाना सस्टेनेबिलिटी फंड | 180 | 70 | 373 |
| 14 | बैन्यान ट्री इंडिया ग्रोथ कैपिटल फंड | 30 | 21 | 130 |
| 15 | कैक्टस पार्टनर्स फंड I | 75 | 43 | 338 |
| 16 | कार्पेडिम कैपिटल पार्टनर्स फंड II | 75 | 44 | 210 |
| 17 | सेंटर कोर्ट कैपिटल फंड I | 35 | 7 | 51 |
| 18 | चिराटे वेंचर्स इंडिया फंड वी | 140 | 16 | 107 |
| 19 | कोलोसा महिला प्रथम निधि | 30 | - | - |
| 20 | कॉर्नरस्टोन वेंचर पार्टनर्स फंड I | 35 | 32 | 291 |
| 21 | कॉर्नरस्टोन वेंचर्स इन्वेस्टमेंट फंड | 45 | 13 | 47 |
| 22 | डलास वेंचर कैपिटल इंडिया फंड 1 | 30 | 13 | 93 |
| 23 | एलिव8-कैपिटल फंड I | 125 | 14 | 59 |
| 24 | एन्डिया पार्टनर्स फंड III | 120 | 15 | 70 |
| 25 | एंजिया इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट फंड I | 25 | 13 | 68 |
| 26 | ईपीआईक्यू कैपिटल II | 105 | 69 | 312 |
| 27 | इक्केनिमिटी वेंचर्स फंड II | 25 | 11 | 68 |
| 28 | एक्सफिनिटी टेक्नोलॉजी फंड- सीरीज III | 50 | 28 | 224 |
| 29 | फिल्टर कैपिटल इंडिया फंड I | 75 | 55 | 343 |
| 30 | फायरसाइड वेंचर्स इन्वेस्टमेंट फंड III | 160 | 89 | 748 |
| 31 | फर्स्ट ब्रिज इंडिया ग्रोथ फंड | 50 | 8 | 107 |
| 32 | गजा कैपिटल इंडिया फंड 2020 एलएलपी (गजा IV) | 255 | 157 | 571 |
| 33 | ग्रैंड एनीकट फंड 3 | 70 | 51 | 271 |
| 34 | ग्रीनस्टोन फंड | 25 | - | - |
| 35 | जीवीएफएल इमर्जिंग एंटरप्राइजेज वेंचर कैपिटल फंड | 80 | 29 | 136 |
| 36 | इयान अल्फा फंड | 100 | 16 | 86 |
| 37 | इंडिया एडवांटेज फंड एस5 आई | 165 | 60 | 500 |
| 38 | इंडिया एसएमई इन्वेस्टमेंट फंड II | 40 | - | - |
| 39 | आयरन पिलर इंडिया ट्रस्ट | 60 | 39 | 300 |
| 40 | आईवेन एम्पलीफाई फंड | 150 | 30 | 172 |
| 41 | आइवीकैप वेंचर्स फंड III | 340 | 169 | 866 |
| 42 | जशविक कैपिटल फंड I | 200 | 92 | 633 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 43 | केएई कैपिटल फंड III | 55 | 26 | 283 |
| 44 | महाराष्ट्र डिफेंस और एयरोस्पेस वेंचर फंड | 35 | 37 | 336 |
| 45 | मेनटेरा सोशल इम्पैक्ट फंड II | 25 | 15 | 78 |
| 46 | नैबवेंचर्स फंड I | 50 | 47 | 463 |
| 47 | नेक्स्टजेन टेक्नोलॉजी फंड I | 120 | 3 | 13 |
| 48 | ओम्निवोर एग्रीटेक एंड क्लाइमेट सस्टेनेबिलिटी फंड 3 | 225 | 73 | 571 |
| 49 | ओरिओस वेंचर पार्टनर्स फंड III | 50 | 35 | 175 |
| 50 | पैरागोन पार्टनर्स ग्रोथ फंड II | 40 | 29 | 324 |
| 51 | पेवस्टोन टेक्नोलॉजी फंड | 100 | 51 | 249 |
| 52 | रूट्स वेंचर्स-II | 45 | 13 | 77 |
| 53 | सबरे पार्टनर्स फंड - 2019 | 45 | 34 | 173 |
| 54 | सिंगुलैरिटी ग्रोथ ऑपरच्युनिटिज फंड I | 40 | 39 | 388 |
| 55 | सिंगुलैरिटी ग्रोथ ऑपरच्युनिटिज फंड I | 150 | 56 | 267 |
| 56 | समरसेट इंडस हेल्थकेयर इंडिया फंड III | 250 | 25 | 165 |
| 57 | सोरिन इन्वेस्टमेंट फंड | 40 | 9 | 214 |
| 58 | स्टेकबोट कैपिटल फंड II | 150 | 73 | 447 |
| 59 | एसवीएएस विनिंग बिजनसेज | 40 | 11 | 51 |
| 60 | एसवीएल-एसएमई फंड (एनईईवी II) | 135 | 109 | 756 |
| 61 | टाटा कैपिटल ग्रोथ फंड III | 200 | - | - |
| 62 | टाटा कैपिटल हेल्थकेयर फंड II | 60 | 57 | 421 |
| 63 | ट्राइडेंट इंडिया ग्रोथ फंड 1 ट्रस्ट | 125 | 10 | 110 |
| 64 | ट्रस्केल वेंचर ग्रोथ फंड I | 45 | 25 | 150 |
| 65 | उभरते सितारे फंड | 50 | 43 | 235 |
| 66 | विंसेरे पार्टनर्स ग्रोथ फंड - I | 25 | - | - |
| 67 | व्हाइटबोर्ड कैपिटल इंडिया ट्रस्ट | 25 | 14 | 153 |
| 68 | याली दीपटेक फंड I | 50 | 10 | 127 |
| 69 | जेफिर पीकॉक इंडिया ग्रोथ फंड | 45 | 32 | 191 |
| | **कुल** | **6,220** | **2,272** | **14,927** |

स्रोत: एनएसआईसी वेंचर्स कैपिटल फंड लिमिटेड